गोवंश के संरक्षण को सरकार की अनुदान योजना की सराहना

शिमला। प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने सोमवार को यहां बताया कि हिमाचल प्रदेश में बेसहारा गोवंश के संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की पूरे देश में सराहना की जा रही है। हाल ही में एक गैर.सरकारी संस्था ने राज्य में गौसेवा के कार्य को सराहा है।

उन्होंने बताया कि यह संस्था सरकारी विभागों या संस्थाओं के जनसेवा में किए जा रहे अभिनव कार्यों के लिए उन्हें पुरस्कृत करती है। इस संस्था द्वारा मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश सरकार के बेसहारा गोवंश के संरक्षण के उद्देश्य से आरंभ अनुदान योजना को मेरिट पर आंका है। प्रदेश सरकार ने कृषि विभाग के प्रयासों से गौ सेवा आयोग का गठन कर बेसहारा गौवंश के लिए बेहतरीन कार्य किया है। ब्यूरो